# उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा

(सामान्य शाखा)

## आम सूचना

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड राँची के अधिसूचना संख्या 2032 दिनांक 07–04–2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना सं0–4998 दिनांक 19–09–2019 एवं सरकार के अवर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड राँची का पत्रांक 3469 दिनांक 01–09–2022 एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–3910, दिनांक–27/06/2024 के द्वारा प्राप्त निदेश के अनुपालन में ग्रामीण चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 23/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन का विहित प्रपत्र, नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी, बीटवार रिक्त पदों का विवरण आदि लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर उपलब्ध है।

उपायुक्त –सह– जिला
दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

ज्ञापांक : 589 /सा0, दिनांक : 08 / 08 / 2024

प्रतिलिपि : जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, लोहरदगा को स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, लोहरदगा को विज्ञापन सं0–01/2024 एवं आवेदन प्रपत्र की प्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि विज्ञापन सं0–01/2024 एवं आवेदन प्रपत्र को जिला के अधिकृत बेबसाईट lohardaga.nic.in पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : सभी थाना प्रभारी/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ सभी अंचल अधिकारी, लोहरदगा जिला को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि सभी थाना/पंचायत/अंचल क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपि : प्रमण्डलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागरपुर प्रमंडल, राँची को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि : सरकार के प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सादर सूचनार्थ।

8/8/24

उपायुक्त –सह– जिला
दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा

## (जिला सामान्य शाखा)

विवरणिका

**विज्ञापन संख्या–01/2024**

## चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा : 2024

# उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा

(सामान्य शाखा)

**विज्ञापन संख्या– 01/2024**

**आवेदन दिनांक 08/08/2024 से दिनांक 23/08/2024 तक प्राप्त किया जायेगा।**

**लोहरदगा जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन।**

सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–3910, दिनांक–27/06/2024 के द्वारा चौकीदारों के रिक्त पदों पर समय सीमा के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश प्राप्त है। मुख्य सचिव महोदय, झारखण्ड, राँची के द्वारा दिनांक–01/07/2024 को Video Conference के माध्यम से आयोजित बैठक में भी निदेश दिया गया है कि चौकीदारों के आरक्षण रोस्टर तैयार कर आयुक्त कार्यालय से रोस्टर को अनुमोदित कराकर तत्काल विज्ञापन प्रकाशित किया जाय। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 4441 दिनांक 22.07.2024 के द्वारा लोहरदगा जिला के चौकीदार के स्वीकृत पद को चिन्हित किया गया है।

उक्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 569/सा0 दिनांक 25/07/2024 द्वारा भेजे गये आदर्श आरक्षण रोस्टर पर प्रमण्डलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची के पत्रांक 1904 दिनांक 05/08/2024 द्वारा अनुमोदन प्राप्त है।

अतः उपरोक्त निदेश के अनुपालन में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची के अधिसूचना संख्या–2032, दिनांक 07/04/2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक 19/09/2019 के आलोक में 76 ग्रामीण चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते है।

**रिक्त पदों की विवरणी।**

| कोटि | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अ0पि0व0 | पि0व0 | आ0क0व0 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्त पद | 55 | 14 | 0 | 0 | 0 | 07 | 76 |

**01.** न्यायालीय आदेश/विभागीय आदेश/नियुक्ति समिति की अनुशंसा के आलोक में आवश्कता अनुसार विज्ञापन में आंशिक/पूर्ण संशोधन अथवा विज्ञापन को रद्द किया जा सकता है।

**02.** रिक्त पदों की विवरणी बीट संख्या एवं नाम सहित परिशिष्ट– 1 संलग्न है।

**03. आरक्षण** – कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉची की संकल्प संख्या 1617 दिनांक 17–03–2023 के द्वारा झारखंड पदों एवं सेवाओं में जिला स्तरीय पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु लागू आदर्श आरक्षण।

**04. <u>क्षैतिज आरक्षण</u>**

(i) पर्यटन कला संस्कृति खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग के संकल्प सं0 1709 दिनांक 12–09–2007 के आलोक में निर्धारित खेल–कूद कोटा से खिलाडियों के लिए 2% पद क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा।

(ii) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉची की संकल्प संख्या 2249 दिनांक 03–04–2016 के अनुसार निःशक्त जनों हेतु 4% क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा।

चौकीदार नियुक्ति नियमावली 2015 के कंडिका 9 के आलोक में निःशक्त को आरक्षण की अनुमान्यता पर संशय है। भर्ती में निःशक्त को आरक्षण अनुमान्य होगा अथवा नहीं? तत्संबंधी सरकार से मार्गदर्शन की मांग की जा रही है, मार्गदर्शन के अनुरूप इसके अनुमान्यता पर निर्णय प्रभावित होगा।

(iii) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉची की संकल्प संख्या 5555 दिनांक 28–06–2016 के द्वारा अनुसूचित जनजाति के आरक्षित कोर्ट में से 2% पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति के अनुमान्य होगा।

(iv) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉची की संकल्प संख्या 8281 दिनांक 03–12–2021 के आलोक में महिलाओं के लिए 5% पद क्षैतिज आरक्षित होगा।

**05. शैक्षणिक योग्यता** :– चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता झारखण्ड राज्य के शिक्षण संस्थानों से दसवीं कक्षा उतीर्ण होगी।

**06. चरित्र** :– अभ्यर्थी का चरित्र अच्छा हो एवं आपराधिक इतिहास नही हो। चरित्र की जाँच नियुक्ति के पूर्व नियुक्ति प्राधिकार द्वारा करायी जायेगी।

**07. उम्र सीमा** :–

(क) न्यूनतम उम्र सीमा – 18 वर्ष

(ख) अधिकतम उम्र सीमा

(i) अनारक्षित / आर्थिक रूप से कमजोर – 35 वर्ष

(ii) पिछड़ा / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग – 37 वर्ष

(iii) महिला (अनारक्षित / पिछडा / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) – 38 वर्ष

(iv) अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति (पुरूष / महिला)– 40 वर्ष

**नोट** :– पूर्व में अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले सभी अभ्यर्थियों (माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित/अच्छादित) के लिए अधिकतम उम्र सीमा को एक बार की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए शिथिल किया गया है।

**(आयु की गणना तिथि – दिनांक 01/07/2024)**

**08.** अभ्यर्थी को संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा। जिस बीट में रिक्ति होगी उसी के विरूद्ध के आवेदन समर्पित करेंगे।

**09.** अभ्यर्थी को साईकिल चलाने का ज्ञान होना आवश्यक होगा।

**10.** नियुक्ति प्रक्रिया (जिला स्तरीय)

**(क)** लिखित परीक्षा :– अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 50 अंको की ली जायेगी। लिखित परीक्षा में जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान/स्थानीय भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। सफल उम्मीदवारों की सूची 1 : 3 की संख्या में तैयार की जायेगी।

लिखित परीक्षा के पाठयक्रम सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित 50 (पचास) बहुविकल्पीय प्रश्न जिसके लिये डेढ़ घंटे का समय होगा।

**(ख)** शारीरिक माप :– अभ्यर्थियों का न्यूनतम शारीरिक माप निम्नलिखित होगा।

| क्र0 | श्रेणी | उँचाई (निम्नतम्) |
|---|---|---|
| 01 | सामान्य श्रेणी | 160 से0मी0 |
| 02 | पिछड़ा वर्ग/ अन्य पिछड़ा वर्ग | 160 से0मी0 |
| 03 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति | 155 से0मी0 |
| 04 | महिलाओं के लिए | 148 से0मी0 |

**(ग)** शारीरिक जाँच :– शारीरिक माप में अंकित न्यूनतम शारीरिक मापधारी अभ्यर्थी हीं शारीरिक जाँच में भाग लेंगे। सभी अभ्यर्थी एक मील के दौड़ में भाग लेंगे। शारीरिक जाँच में निम्न आधार पर अंक दिये जायेंगे।

| (क) | एक मील की दौड़ | समय | अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | पुरूषों के लिए | 05 मिनट या पहले | 20 अंक |
| | | 05 मिनट के बाद 06 मिनट तक (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | 10 अंक |
| (ii) | महिलाओं के लिए | 08 मिनट या पहले | 20 अंक |
| | | 08 मिनट के बाद 10 मिनट तक (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | 10 अंक |

**11.** लिखित परीक्षा एवं शारीरिक जाँच का आयोजन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जायेगी।

12. माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के द्वारा याचिका W.P.(S) No.-960/2016 संलग्न चम्पिया एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के साथ W.P.(S) No.-516/2016, W.P(S) No-980/2016, W.P.(S) No.-1597/2016, W.P.(S) No.-6366/2016, W.P.(S) No.-6365/2016 एवं W.P.(S) No.-1148/2016 में दिनांक 23.07.2018 को पारित आदेश के आलोक में चौकीदार नियुक्ति नियमावली में संशोधन संबंधी विभागीय अधिसूचना संख्या–4998 दिनांक 19–09–2019 के तहत पूर्व से अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को कार्यानुभव के लिए Weightage प्रदान की जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश से उदभूत एवं प्रभावित/आच्छादित अभ्यर्थियों के संदर्भ में साक्ष्य आधारित सम्पुष्टि के उपरान्त 02 अंक प्रत्येक पूर्ण 01(एक) वर्ष की दर से अधिकतम 20 अंक देय होगा।

13. **मेघा सूची** – लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक शारीरिक जांच में प्राप्त अंक एवं कार्यानुभव में प्राप्त अंक के योग के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।

14. **चिकित्सा परीक्षण** – नियुक्ति के पूर्व सफल चयनित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु आवश्यक शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता मापदण्ड के आधार पर अभ्यर्थियों को योग्य पाये जाने पर हीं नियुक्ति किया जायेगा।

15. **परिवीक्षा** – चौकीदार के पद पर बहाली परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी। परिवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी। अगर किसी चौकीदार की सेवा परिवीक्षा की अवधि में संतोषजनक नही पायी जाती है तो परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है। वर्द्धित अवधि के दरम्यान भी सेवा संतोषजनक नही पायी जाय, तो उस परिस्थिति में सेवा समाप्त की जा सकती है।

    परिवीक्षा की अवधि के दौरान प्रशिक्षु को वांछित प्रशिक्षण में भाग लेना होगा। परिवीक्षा अवधि एवं प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पूर्णता के बाद ही सेवा सम्पुष्ट की जायेगी।

16. **वेतनमान** – चौकीदार का षष्टम पुनरीक्षित वेतनमान – पी0बी0–I 5200-20200 ग्रेड वेतन 1800 के आधारित सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान Schedule-I के Pay Matrix Level-I, 18000-56900 के मूल वेतनमान 18000 तथा समय–समय पर देय अन्य भत्ता।

17. **<u>आवेदन करने की प्रक्रिया</u>**

    a. उपरोक्त योग्यता सह अहर्ता रखने वाले उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आवश्यक कागजात यथा– शैक्षणिक अंक–पत्र/प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र जन्म तिथि से संबंधित शैक्षणिक प्रमाण–पत्र तथा कार्यानुभव प्रमाण–पत्र (न्यायादेश से आच्छादित अभ्यर्थियों के लिए) के साथ स्वअभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करते हुए दिनांक 23/08/2024 तक जिला सामान्य शाखा, उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा में (बन्द लिफाफे में विज्ञापन संख्या, पदनाम स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए) आवेदन जमा कराया जा सकता है। दिनांक 23/08/2024 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

b. किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

c. आवेदन को बन्द लिफाफे में विज्ञापन संख्या, पदनाम (चौकीदार पद हेतु) स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भी भेजा जा सकता है।

d. अन्य विवरणी/आवश्यक संशोधन जिला के अधिकृत वेबसाईट www. lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है एवं आवेदन पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।

e. परीक्षा शुल्क के रूप में अनारक्षित/पिछड़ा/अन्य पिछड़ा वर्ग 200/–रू एवं अनुसूचित जन जाति/अनुसूचित जाति 100/–रू0 का भारतीय पोस्टल ऑडर/बैंक ड्राफ्ट जो उपायुक्त, लोहरदगा के पदनाम से भुगतेय होगा संलग्न करना अनिवार्य है। दिव्यांग अभ्यर्थियों एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा निःशुल्क है।

f. परीक्षा की तिथि दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से अलग से प्रकाशित की जाएगी।

g. आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन भेजने का पता निम्न है :– **प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा, पिन कोड– 835302**

8/8/24

उपायुक्त –सह– जिला
दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

<u>परिशिष्ट – 1</u>

# लोहरदगा जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों की विवरणीः–

| किस्को | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 | अंचल का नाम | रिक्ति | बीट संख्या | बिट का नाम |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1 | किस्को | रिक्त | 2/1 | आनन्दपुर |
| 2 | किस्को | रिक्त | 3/2 | अरेया |
| 3 | किस्को | रिक्त | 3/3 | बगड़ू जामुनटोली |
| 4 | किस्को | रिक्त | 3/6 | भूषाड़ |
| 5 | किस्को | रिक्त | 3/8 | मेरले |
| 6 | किस्को | रिक्त | 2/2 | खरकी |
| 7 | किस्को | रिक्त | 2/5 | परहेपाट |
| 8 | किस्को | रिक्त | 2/6 | तिसिया |
| 9 | किस्को | रिक्त | 2/7 | नवाडीह |
| 10 | किस्को | रिक्त | 1/5 | सेमरडीह |
| 11 | किस्को | रिक्त | 1/3 | झमटबार |
| 12 | किस्को | रिक्त | 1/6 | रोरद |
| 13 | किस्को | रिक्त | 2/4 | जोबांग |
| 14 | किस्को | रिक्त | 1/2 | परतु |
| 15 | किस्को | रिक्त | 1/8 | मन्हा |
| 16 | किस्को | रिक्त | – | पाखर |
| 17 | किस्को | रिक्त | – | सलैया कांसीटांड़ |
| **भण्डरा** | | | | |
| 18 | भण्डरा | रिक्त | 1/4 | बड़ा अम्बेरा |
| 19 | भण्डरा | रिक्त | 1/5 | कुम्हरिया |
| 20 | भण्डरा | रिक्त | 1/8 | अकाशी |
| 21 | भण्डरा | रिक्त | 2/9 | भैसमुन्दो |
| 22 | भण्डरा | रिक्त | 3/1 | सोरन्दा |
| 23 | भण्डरा | रिक्त | 3/4 | पलमी |
| 24 | भण्डरा | रिक्त | 4/2 | भीठा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | भण्डरा | रिक्त | 4/3 | जमगांई |
| 26 | भण्डरा | रिक्त | 4/4 | बड़ागांई |
| 27 | भण्डरा | रिक्त | 4/5 | पण्डरिया |
| 28 | भण्डरा | रिक्त | 4/7 | नरौली |
| 29 | भण्डरा | रिक्त | 4/6 | झिको चट्टी |
| 30 | भण्डरा | रिक्त | 5/3 | गराडीह |
| 31 | भण्डरा | रिक्त | 5/5 | गजनी |
| 32 | भण्डरा | रिक्त | 5/7 | चरिमा |
| 33 | भण्डरा | रिक्त | 2/1 | भौंरो |
| 34 | भण्डरा | रिक्त | 4/8 | ब्रहमण्डीहा चट्टी |
| 35 | भण्डरा | रिक्त | 5/1 | चाल्हो महवरी |
| | | **कुडू** | | |
| 36 | कुडू | रिक्त | 2/3 | चटकपुर |
| 37 | कुडू | रिक्त | 1/5 | चुन्द |
| 38 | कुडू | रिक्त | 3/8 | टाकु |
| 39 | कुडू | रिक्त | 3/9 | माराडीह |
| 40 | कुडू | रिक्त | 5/8 | जोंजरो |
| 41 | कुडू | रिक्त | 6/1 | हेंजला कालीपुर |
| 42 | कुडू | रिक्त | 4/2 | उमरी |
| 43 | कुडू | रिक्त | 6/8 | हनहट |
| 44 | कुडू | रिक्त | 5/4 | जिंगी |
| 45 | कुडू | रिक्त | 5/2 | तान |
| 46 | कुडू | रिक्त | 6/6 | ककरगढ़ |
| 47 | कुडू | रिक्त | 4/5 | सढ़ाबे |
| 48 | कुडू | रिक्त | 1/3 | उतका |
| 49 | कुडू | रिक्त | 2/5 | कड़ाक |
| 50 | कुडू | रिक्त | 1/6 | बन्दुआ |
| 51 | कुडू | रिक्त | 1/2 | सलगी |
| 52 | कुडू | रिक्त | 6/7 | बड़मारा |
| | | **लोहरदगा** | | |
| 53 | लोहरदगा | रिक्त | 6/10 | कुर्से |
| 54 | लोहरदगा | रिक्त | 5/3 | हरमू |
| 55 | लोहरदगा | रिक्त | 6/12 | गुडी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 56 | लोहरदगा | रिक्त | 6/1 | बंजार किस्को |
| 57 | लोहरदगा | रिक्त | 6/14 | भुजनिया |
| 58 | लोहरदगा | रिक्त | 4/9 | रामपूर |
| 59 | लोहरदगा | रिक्त | 4/6 | इरगॉव |
| 60 | लोहरदगा | रिक्त | 5/5 | खखपरता |
| 61 | लोहरदगा | रिक्त | 6/7 | जोरी |
| 62 | लोहरदगा | रिक्त | 6/4 | हेसल |
| 63 | लोहरदगा | रिक्त | 4/8 | ऐने |
| 64 | लोहरदगा | रिक्त | 5/6 | मन्हो |
| 65 | लोहरदगा | रिक्त | 6/2 | ओयना |
| | | **सेन्हा** | | |
| 66 | सेन्हा | रिक्त | 3/2 | बुटी |
| 67 | सेन्हा | रिक्त | 4/4 | ईचरी |
| 68 | सेन्हा | रिक्त | 2/2 | मुंगो |
| 69 | सेन्हा | रिक्त | 3/5 | चुरकु |
| 70 | सेन्हा | रिक्त | 5/5 | झालजमीरा |
| 71 | सेन्हा | रिक्त | 2/9 | दुन्दरू |
| 72 | सेन्हा | रिक्त | 3/7 | पारही |
| 73 | सेन्हा | रिक्त | 1/8 | सिठियो |
| 74 | सेन्हा | रिक्त | 2/10 | तुईमु |
| 75 | सेन्हा | रिक्त | 2/6 | सेन्दुर |
| 76 | सेन्हा | रिक्त | 3/3 | झखरा |

8/8/24

उपायुक्त –सह– जिला
दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

# चौकीदार पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र

## विज्ञापन संख्या–01 / 2024

आवेदन करने की अंतिम तिथि– 23 / 08 / 2024

स्व अभिप्रमाणित फोटो

सेवा में,
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
लोहरदगा।

गृह जिला का नाम : .......................................... अंचल का नाम : ..................................................
आवेदित बीट क्षेत्र का नाम .............................. बीट संख्या ............ ग्राम का नाम ........................

अभ्यर्थी का नाम : (बड़े अक्षरों में)

हिन्दी में : .............................................................................................

अंग्रेजी में : .............................................................................................

1. पिता / पति का नाम :– हिन्दी में : ....................................................................................

   अंग्रेजी में : ....................................................................................

2. जन्म तिथि :– (अंकों में) (शब्दों में)

   (दिनांक : 01 / 07 / 2024 को उम्र) वर्ष.................माह...........दिन...........

3. आवेदक का स्थानीय / जनजातीय / क्षेत्रीय भाषा का नाम :– ..............................................
   ..........................................................................................................................................

4. आवेदक का स्थायी पता :–

   - ग्राम :–
   - पंचायत :–

- पोस्ट :–
- थाना :–
- अंचल का नाम :–
- बीट सं0 :–
- बीट का नामः–
- बीट में संलग्न ग्रामों में से आवेदक के ग्राम का नाम :–
- जिला का नाम :–
- मोबाईल नं0 :–
- ई–मेल आई0 डी0 :–

5. पत्राचार का पता :–

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

6. आवेदित पद का नाम :– चौकीदार
7. शरीर पर दो चिन्ह का निशान

- ..............................................................................................
- ..............................................................................................

8. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र० | परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उत्तीर्णता वर्ष | प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | |
| 2 | इंटर | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |
| 4 | अन्य | | | | |

9. लिंग :– महिला ☐ पुरूष ☐
10. यदि दिव्यांग हो तो निःशक्तता का प्रतिशत (प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..................................

उपयुक्त पर टिक ☐ करें ।

अंधापन एवं कम दृष्टि ☐ स्वलीनता, बौद्धिक निःशक्तता एवं बहु निःशक्तता ☐

बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता ☐ चलन निःशक्तता एवं सेरेब्रल पाल्सी ☐

11. यदि खिलाड़ी हों तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।

प्रमाण पत्र संख्या .................................. तिथि...................................... उपलब्धि......................

12. अभ्यर्थी के जाति का श्रेणी :– अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति

13. आवासीय प्रमाण पत्र संख्या :............................................निर्गत तिथि :..................................

14. जाति प्रमाण संख्या :.........................................................निर्गत तिथि :..................................

15. आ०क०व० प्रमाण पत्र सं0 :................................................निर्गत तिथि :..................................

16. आचरण प्रमाण पत्र संख्या....................................................निर्गत तिथि :..................................

17. परीक्षा शुल्क : विज्ञापन के अनुरूप

18. फोटो : दो प्रति अतिरिक्त संलग्न करें।

19. स्वपता लिखा लिफाफा जिस पर 26 रूपये का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।

20. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज हुआ है, यदि हाँ तो उसका पूर्ण विवरण अपराध की धारा सहित उल्लेख करें ..............................................................................
..........................................................................................................................................

21. कार्यानुभव प्रमाण पत्र (अवैतनिक रूप से पूर्व से कार्यरत चौकीदारों हेतु, केवल माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश से आच्छादित अभ्यर्थी के मामले में) प्रति संलग्न है अथवा नहीं।

| अंचल का नाम | थाना | बीट संख्या | अवधि (वर्ष/माह/दिन) |
|---|---|---|---|
| | | | |

**22. घोषणा पत्रः मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गयी विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता**

चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मुझे परीक्षा में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जायेगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानुनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

तिथि :–

स्थान :– आवेदक का हस्ताक्षर

(प्रपत्र–ख)

## प्रवेश पत्र

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा)

स्व0 अभिप्रमाणित
रंगीन फोटो पासपोर्ट
साईज

1. आवेदित पद का नाम ........................................................
2. आवेदक का नाम ........................................................
3. पिता/पति का नाम ........................................................
4. पत्राचार का पता (पिन कोड के साथ)........................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

---

**<u>केवल कार्यालय द्वारा भरा जायेगा</u>**

5. रोल नम्बर..........................................................................................
6. परीक्षा का स्थान/केन्द्र..........................................................................
7. परीक्षा की तिथि एवं समय...................................................................